ग्रामीण कार्य विभाग
बिहार सरकार

अधिसूचना

अ०सं0 :–3/अ०प्र०–1–32/2021 633 /पटना, दिनांक :– 26.3.21

कार्य प्रमंडल, शिवहर अन्तर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन बैद्यनाथपुर से तरियानी छपरा पथ (पैकेज संख्या–BR-32R-025) में अनियमितता संबंधी आरोपों की जाँच मुख्य अभियंता–1, ग्रामीण कार्य विभाग से करायी गयी।

2. मुख्य अभियंता–1 द्वारा समर्पित जाँच प्रतिवेदन में आलोच्य पथ का निर्माण कार्य विशिष्टियों के अनुरूप नहीं कराये जाने संबंधी आरोपों को प्रमाणित बताया गया। जाँच प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शिवहर पथ निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने एवं संवेदक को लाभ पहुचाने के लिये दोषी पाये गये हैं।

3. अतः उक्त के आलोक में श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक अभियंता, कार्य प्रमंडल, शिवहर को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया जाता है एवं निलंबन अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय मुख्य अभियंता–3 का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि में श्री सिंह को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 की सुसंगत कंडिकाओं के अनुरूप अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. श्री सिंह के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर विभागीय कार्यवाही के संचालनार्थ आदेश अलग से निर्गत किया जायेगा।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/- 26.03.21

(कृष्ण मोहन सिंह)

उप सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–1–32/2021 634 /पटना/दिनांक:– 26.3.21

प्रतिलिपि :– ई–कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षक राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को सी०डी० दो अतिरिक्त हार्ड कॉपी के साथ गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

ह0/- 26.03.21

उप सचिव

ज्ञापांक :– 3/अ०प्र०–1–32/2021 634 /पटना/दिनांक:– 26.3.21

प्रतिलिपि :– महालेखाकार (ले० एवं ह०) वीरचन्द पटेल पथ, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, पटना/कोषागार पदाधिकारी, निर्माण भवन, पटना/शिवहर/सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 26.03.21

उप सचिव

ज्ञापांकः— 3/अ०प्र०–1–32/2021 634 /पटना/दिनांकः— 26.3.21

प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/योजना एवं विकास विभाग/जिला पदाधिकारी, शिवहर/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अचंल, सीतामढ़ी/कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–5, ग्रामीण कार्य विभाग/श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, शिवहर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26.03.21

उप सचिव

ज्ञापांक :— 3/अ०प्र०–1–32/2021 634 /पटना/दिनांकः— 26.3.21

प्रतिलिपि :— माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव को माननीय मंत्री के अवलोकनार्थ प्रेषित।

26.03.21

उप सचिव

ज्ञापांक :— 3/अ०प्र०–1–32/2021 634 /पटना/दिनांकः— 26.3.21

प्रतिलिपि :— आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26.03.21

उप सचिव